प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 52/2023)

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"अंतरिक्ष-आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के आवंटन" पर भादूविप्रा के परामर्श पत्र पर प्रति टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।

नई दिल्ली, 14 जून 2023 - भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 6 अप्रैल 2023 को "अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के आवंटन" पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। पहले, हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 4 मई 2023 और प्रति टिप्पणियां के लिए 18 मई 2023 निर्धारित की गई थी। परंतु हितधारकों और उद्योग संघों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए लिखित टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए अंतिम तिथि क्रमशः 1 जून 2023 और 15 जून 2023 तक बढ़ाई गई थी ।

2. परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों के जवाब में, 64 हितधारकों की टिप्पणियाँ प्राप्त हुई हैं, और ये (भादूविप्रा) की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, उद्योग संघ के प्रति टिप्पणियों को प्रस्तुत करने की समय सीमा को और आगे बढ़ाने के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, लिखित प्रति टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए अंतिम तिथि 22 जून 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद, समय सीमा को आगे बढ़ाने के लिए किसी अनुरोध पर विचार नहीं विचार किया जाएगा ।

3. प्रति-टिप्पणियां, श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम एवं लाइसेंसिंग), भादूविप्रा को अधिमानतः advmn@trai.gov.in पर इलेक्ट्रॉनिक रूप में भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए टेलीफोन नंबर +91-1123210481 पर संपर्क किया जा सकता है।

(वि.रघुनंदन)

सचिव, भादूविप्रा